# नदी में डूबने से दो मासूम दोस्तों की मौत

## हनुमना थाना क्षेत्र के पिपराही अदवा नदी में हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 अप्रैल, मऊगंज जिले से एक बेहद दुखद और दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. यहां नदी में डूबने से दो मासूम किशोरों की मौत हो गई. इस घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई है. मामला हनुमना थाना क्षेत्र के पिपराही अदवा नदी का है.**



जानकारी के मुताबिक बुधवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे आकाश सिंह उम्र 9 साल और दीपक सिंह उम्र 10 साल नदी में नहाने के लिए गए थे. बताया जा रहा है कि दोनों दोस्त पुल पर खड़े होकर नदी में छलांग लगा रहे थे. इसी दौरान आकाश सिंह जैसे ही नदी में कूदा, वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा. अपने दोस्त को डूबता देख दीपक सिंह उसे बचाने के लिए तुरंत नदी में कूद गया, लेकिन अफसोस दोनों ही पानी की गहराई में समा गए और बाहर नहीं निकल पाए. घटना की जानकारी मिलते ही आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत रेस्क्यू शुरू किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी. काफी मशक्कत के बाद दोनों बच्चों के शव नदी से बाहर निकाले गए. घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए हनुमना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया. गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद पिपराही चौकी प्रभारी गुलाब वर्मा ने शव परिजनों को सौंप दिए है. इस दर्दनाक हादसे के बाद दोनों परिवारों में मातम पसरा हुआ है. मासूम बच्चों की इस तरह अचानक मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल है.

# रीवा के टीकर गांव में हाथियों का डेरा

## एक हफ्ते से कर रहे विचरण, वन विभाग बनाए हुए हैं नजर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 अप्रैल, बीते एक माह से रीवा, सीधी, मऊगंज जिले में विचरण कर रहे हाथियो के जोड़ों ने अब बीते एक सप्ताह से गोविंदगढ़ क्षेत्र के टिकर और हरदुआ गांव के आसपास अपना ढेरा जमा लिया है जिससे ग्रामीणों में दहशत है. वही हाथियों के जोड़े फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं हालांकि वन विभाग का अमला इन पर नजर बनाए हुए है.**



गौरतलब है कि पिछले एक माह से हाथियों का जोड़ा विंध्य क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है. हालाकि अभी तक किसी प्रकार की जनहानि नही हुई है लेकिन लोग ड़रे हुए है. इस समय पानी की तलाश में हाथियों का जोड़ा इधर-उधर भटक रहा है लेकिन टीकर क्षेत्र को छोड़ कर कहीं जा नही रहा है. स्थानीय निवासी प्रकाश यादव रामकिंकर मिश्रा और शंभू पटेल सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के जोड़े बीते एक सप्ताह से हरदुआ और टिकर के आसपास विचरण कर रहे हैं. ग्रामीणों के मुताबिक हाथीयो के यह जोड़ दिन में पानी और तलाव के आसपास रहते हैं जबकि रात में खेतों में पहुंच जाते है. ग्रामीणों ने कहा कि हाथियों की इन गतिविधियों से उनके फसल बर्बाद हो रही हैं.वहीं मौके पर मौजूद वन विभाग का अमला हाथियों को जंगल की ओर ले जाने का प्रयास कर रहा है. लेकिन बीते एक सप्ताह से हाथियों के जोड़े टिकर और हरदुआ के आसपास अपना डेरा जमाए हुए हैं. यह हाथियो के जोड़े तकरीबन डेढ़ माह से विंध्य क्षेत्र के कई जिलों में लगातार विचरण कर रहे हैं जिनकी सुरक्षा को लेकर वन अमला भी लगातार तैनात है.

### बीस विद्युत पोल से 11 हजार लाइन के तार चोरी

रीवा जिले के टीकर क्षेत्र से एक बड़ी खबर सामने आई है. जहां एक तरफ ग्रामीण हाथियों के आतंक से परेशान हैं, वहीं दूसरी तरफ चोरों ने इस डर का फायदा उठाकर बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया. बताया जा रहा है कि सुपिया फीडर में बीते कुछ दिनों से हाथियों की आवाजाही के कारण बिजली सप्लाई अक्सर बंद रखी जा रही थी. इसी मौके का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने करीब 20 बिजली पोल से 11 हजार विद्युत लाइन के तार चोरी कर लिए. जिससे विद्युत सप्लाई ठप्प हो गई और इस भीषण गर्मी में लोग परेशान है. तार कटने की सूचना मिलने पर मौके पर बिजली के अधिकारी पहुंचे है और विद्युत सप्लाई बहाल करने में लगे है.

# अस्पताल से शव को स्कूटी में ले गये बेटे

## समय पर नहीं मिल सका इलाज, गेट पर चीखती-रोती रहीं महिलाएं

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 अप्रैल, जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरिया से शव को स्कूटी से ले जाने का मामला सामने आया है। घटना बुधवार रात करीब 12 बजे की है। मृतक के बेटों ने आरोप लगाया है कि उनके पिता की अस्पताल में इलाज न मिल पाने से मौत हो गई।**



शव ले जाने के लिए एंबुलेंस भी नहीं मिली। मजबूरन वे पिता के शव को स्कूटी से लेकर घर गए। अपने परिजन को इस तरह ले जाता देख महिलाए चीख-चीखकर रोने लगीं। परिजनों के अनुसार, बुधवार रात करीब 11 बजे रामसजीवन गुप्ता की तबीयत अचानक बिगड़ी थी। उन्हें तुरंत सेमरिया अस्पताल लाया गया। अस्पताल पहुंचने पर परिजनों को इलाज की कोई मदद नहीं मिली। उनके बेटा-बेटी इलाज के लिए भटकते रहे लेकिन कोई सुनने वाला नहीं था।

ड्यूटी डॉक्टर को तलाशने के दौरान उनके पिता की मौत हो गई। मरीज की मौत के बाद भी परिजनों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। उन्हें शव ले जाने के लिए न तो एंबुलेंस मिली और न ही कोई शव वाहन उपलब्ध कराया गया। मजबूरन परिवार को रामसजीवन गुप्ता के शव को स्कूटी पर बैठाकर घर ले जाना पड़ा।

### अस्पताल में नहीं थे ड्यूटी डॉक्टर

मृतक के बेटे संजीव गुप्ता ने आरोप लगाया कि घटना के समय डॉ. संजय पटेल की ड्यूटी थी, लेकिन वे अस्पताल में मौजूद नहीं थे। संजीव गुप्ता ने कहा कि यदि समय पर डॉक्टर उपलब्ध होते तो उनके पिता की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने यह भी बताया कि अस्पताल प्रशासन ने न तो इलाज की व्यवस्था की और न ही शव ले जाने के लिए कोई सुविधा दी।

### इनका कहना है

जिस वक्त का मामला बताया जा रहा है रात में वे खाना खाने के लिए अपने कमरे में गए थे। इस घटना की कोई जानकारी नहीं दी गई थी।

**डॉ. संजय पटेल,**
**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरिया**

# मल्हार पार्क के सामने से मोटर साइकिल चोरी

## पीड़ित ने कोतवाली थाना में दर्ज कराया मामला

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 अप्रैल। कोतवाली बैढ़न से चन्द कदम दूर मल्हार पार्क के सामने से आज गुरूवार को एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई।**

जानकारी के अनुसार मल्हार पार्क के सामने स्थित चौपाटी में एक युवक ने अपनी मोटरसाइकिल वाहन क्रमांक एमपी 53 एमएल 5308 खड़ी कर चौपाटी में गया था कि कुछ क्षण बाद उक्त मोटरसाइकिल चोरी हो गई।

पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। यहां बताते चले कि कोतवाली क्षेत्र बैढ़न एवं देवसर क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोर गिरोह सक्रिय हैं।

# बेकाबू बल्कर वाहन झोपड़ी में घुसा, महिला गंभीर

नवभारत न्यूज

**देवसर 16 अप्रैल। देवसर क्षेत्र में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब हालात ऐसे हो गए हैं कि लोग अपने ही घरों में सुरक्षित नहीं हैं। ताजा मामला सजहर घाटी का है, जहां एक तेज रफ्तार राखड़ से लोड बल्कर अनियंत्रित होकर सीधे एक घर में जा घुसा।**



जानकारी के अनुसार ग्राम सजहर निवासी राजाराम विश्वकर्मा के घर में सीजी 15 ईए 7107 नंबर का बल्कर वाहन जा घुसा। घटना के समय उनकी पत्नी कौशल्या देवी विश्वकर्मा दरवाजे पर अपनी 2 वर्षीय नातिन विभा विश्वकर्मा को लेकर बैठी थीं। हादसे में कौशल्या देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि मासूम बालिका बाल-बाल बच गई हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए पहुंच गए। घायल महिला को तत्काल अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बल्कर सिंगरौली की ओर से तेज रफ्तार में आ रहा था और चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। वाहन कहां जा रहा था, इसकी जानकारी अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटना की सूचना मिलते ही जियावन पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है।

# धमाके के साथ शोला बना ट्रांसफॉर्मर

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 अप्रैल, जिले के सेमरिया पंचायत भवन के पास लगे ट्रांसफॉर्मर में तेज धमाके के साथ अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया।**



शाम करीब 4-30 बजे तेज धमाके जैसी आवाज सुनाई दी, जिससे आसपास के लोग दहशत में आ गए। देखते ही देखते ट्रांसफॉर्मर आग की लपटों में घिर गया और पूरा इलाका अफरा-तफरी में बदल गया। प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार ट्रांसफॉर्मर कई वर्षों से जमीन के नीचे स्थापित है, जिसकी वजह से उसमें अक्सर छोटी-मोटी आग लगती रहती थी। लेकिन इस बार आग ने विकराल रूप ले लिया और ट्रांसफॉर्मर के साथ-साथ पूरी केबल भी जलकर राख हो गई। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि लोगों को बम फटने का भ्रम हो गया। इस घटना के समय बिजली विभाग का कोई भी कर्मचारी मौके पर मौजूद नहीं था, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी गई।

# जन आक्रोश रैली में आप ने दिखाया शक्ति प्रदर्शन

## नवनियुक्त जिलाध्यक्षों एवं कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का हुआ स्वागत सम्मान

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 अप्रैल। आम आदमी पार्टी सिंगरौली के तत्वाधान में आज गुरूवार की शाम शहर में जन आक्रोश रैली निकाली गई। इस रैली का नेतृत्व आप के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं मेयर रानी अग्रवाल ने किया। रैली के आड़ में आप ने अपना शक्ति प्रदर्शन भी दिखाया है।**



जन आक्रोश रैली की शुरूआत परसौना कन्वेयर बेल्ट से लेकर कचनी- माजन मोड़, बैढ़न एवं मस्जिद चौक से होते हुये अम्बेडकर चौक पहुंची और इसका समापन अटल बिहारी सामुदायिक भवन बैढ़न में किया गया। जन आक्रोश रैली में बाईक समेत कार वाहनों का काफिला था। रैली में मुख्य रूप से आप के जिलाध्यक्ष ग्रामीण रतिभान प्रसाद, महिला नेत्री इन्दू विश्वकर्मा, शहर अध्यक्ष लालबाबू कुशवाहा समेत अन्य नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल रहे। चर्चा यही की जा रही है कि मेयर ने शक्ति प्रदर्शन दिखाया है। हालांकि शहर के लोग इस बात पर भी चर्चा कर रहे थे कि ननि चुनाव के वक्त मेयर ने दो दर्जन वायदे किये थे और आज तक एक भी वादा पूरा नही हुआ और इसका परिणाम यह निकला था कि विधानसभा चुनाव में मेयर रानी अग्रवाल की जमनात भी जप्त हो गई थी।

# अम्बेडकर चौक से लेकर हिर्रवाह तिराहा तक एक घंटा लगा रहा जाम

## नो-इन्ट्री में वाहनों को शहर में प्रवेश कराने पर लगा था जाम



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 अप्रैल। जिला मुख्यालय बैढ़न के अम्बेडकर चौक से लेकर गनियारी-हिर्रवाह तिराहा तक आज शाम करीब 7:30 बजे से लेकर करीब एक घंटे तक भीषण जाम लगा रहा। आलम यह था कि अधिकांश वाहन दौड़ते नही, बल्कि रेंगते नजर आये।**

जानकारी के अनुसार आज गुरूवार की शाम करीब 7:30 बजे से लेकर करीब एक घंटे तक अम्बेडकर चौक बैढ़न से लेकर गनियारी के हिर्रवाह तक करीब दो किलोमीटर लम्बा जाम इस कदर लगा था कि दो पहिया वाहन चालक भी काफी परेशान दिखे। बताया जाता है कि नो-इन्ट्री के बावजूद यातायात कर्मियों ने मालवाहक वाहनों को शहर में गुपचुप तरीके से आने की अनुमति दे दी है। इसी कारण जाम लगा है। मार्ग में गिट्टी भरे हाईवा वाहनों को प्रवेश देने से जाम की स्थिति बनी है। जाम में फंसे लोग पुलिस एवं यातायात कर्मियों को कोसने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे थे।


एन बी सी सी NBCC नवरत्न सीपीएसई

**माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निगरानी की गई परियोजनाएं एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के माध्यम से क्रियान्वित**
(भारत सरकार का एक नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम)

ASPIRE

**ई-नीलामी के माध्यम से**

उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा (पश्चिम) स्थित नॉलेज पार्क-V में स्थित पूर्व आम्रपाली समूह की टेक पार्क परियोजना की बिक्री NBCC के माध्यम से की जा रही है।
इच्छुक पक्ष RAILTEL (ई-नीलामी आयोजित करने के लिए NBCC (INDIA) LTD द्वारा नियुक्त एजेंसी) या वेबसाइट **https://nbccauction.enivida.com** पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।
**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 23.04.2026 है।**
**ई-नीलामी 24.04.2026 को आयोजित की जाएगी।**
**अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: 9772907414**




# सीमेंट लदी मालगाड़ी का इंजन फेल

▸ रास्ता रुकने से राहगीरों की बढ़ी मुसीबत

नवभारत न्यूज

**सतना 16 अप्रैल. सीमेंट लोड कर साइडिगं से मुख्य रूट पर आ रही मालगाड़ी का इंजन शहर के मारुति नगर क्षेत्र में फेल हो गया. मालगाड़ी के खड़े हो जाने के कारण मारुति और बरदाडीह के बीच का मार्ग बाधित हो गया. जिसके चलते वहां से गुजरने वाले राहगीरों को घंटो मुसीबत झलने के लिए मजूबर होना पड़ा.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिरजा फैक्ट्री से सीमेंट लोड कर एक मालगाडी साइडिंग से होते हुए मुख्य रेल मार्ग की ओर आ रही थी. गुरुवार की शाम जैसे ही उक्त मालगाड़ी शहर के मारुति नगर क्षेत्र से होकर गुजरी वैसे ही अचानक उसका इंजन फेल हो गया. जिसके चलते मालगाड़ी जस की तस खड़ी हो गई. इस घटना के चलते मारुति नगर और बरदाडीह के बीच का मार्ग भी पूरी तरह से बाधित हो गया. जिसके चलते वहां से होकर गुजरने वाले स्थानीय रहवासियों के सामने मुसीबत खड़ी हो गई. कुछ राहगीर काफी देर तक वहां खड़े होकर इंतजार करते रहे. जबकि कुछ लोगों ने लंबा रास्ता अपनाकर घूम कर अपने गंतव्य तक पहुंचने में ही भलाई समझी.

### रहवासी रहे संकट में

लगभग घंटे भर तक समस्या जस की तस बने रहने के बाद स्थानीय रहवासियों द्वारा रेल सुरक्षा बल को सूचना दी गई. जिनके जरिए यह जानकारी सामने आई कि सतना रेलवे स्टेशन से दूसरा इंजन भेजा जाएगा. जिसके जरिए मालगाड़ी को आगे ले जाया जाएगा. रहवासियों के अुनसर लगभ डेढ़ घंटे बाद दूसरा इंजन मौके पर पहुंचा. जिसके जरिए मालगाड़ी को धीरे=धीरे आगे बढ़ाया गया. तब कहीं जाकर मारुति नगर और बरदाडीह के बीच का मार्ग खुल सका.






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99